प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विशेषाधिकार या विलासिता नहीं, बल्कि सभी के जीवन का अभिन्न अंग है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन में यह बात कही। श्री मोदी ने देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह निवेश, नवाचार और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है।

****

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने शुरुआती 72 घंटों के लिए विशेष मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है, जिसके तहत जिला प्रशासन को चरणबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के भीतर सरकारी संपत्तियों से सभी पोस्टर, बैनर और झंडे हटाए जाएंगे, जबकि 48 घंटे में सार्वजनिक स्थानों से अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन और 72 घंटे में निजी संपत्तियों पर किए गए विरूपण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप होंगे ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह स्वच्छ और पारदर्शी रहे।

****

पाकुड़ में कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन किया गया, मेले में मुख्य अतिथि विधायक निशात आलम और उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया उपस्थित रहे। जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा आयोजित इस मेले में 22 कंपनियों ने भाग लिया और कुल 600 शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

****

देवघर नगर निगम ने आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए व्यापक सफाई और व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर दी है। आयुक्त रोहित सिन्हा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के 48 छठ घाटों पर जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और कचरा निस्तारण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने दीपावली से पहले प्रमुख घाटों की सफाई पूरी करने का निर्देश दिया और कहा कि तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के 10 गांवों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी में सड़क हादसे के बाद उपायुक्त ऋतुराज ने अपने वाहन से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में पांच लोग घायल हुए, जिनका इलाज सिविल सर्जन के निर्देश पर सदर अस्पताल में चल रहा है।

****

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, गढ़वा और पलामू जिलों के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की गर्जन के साथ वर्षा और तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने, पेड़ों के नीचे या खुले स्थानों में शरण नहीं लेने और किसानों को खेतों से दूर रहने की सलाह दी है।

****

खेलो झारखंड के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के 25 विद्यालयों के लगभग 49 चयनित खिलाड़ी आज रांची के लिए रवाना हुए, जहां वे ताइक्वांडो, बुसु और तैराकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिला प्रभारी सुभाष हेंब्रम और पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिले का नाम रोशन करने की अपील की।

****